# पन्ना के हीरा को मिला जीआई टैग

## कंट्रोलर जनरल आफ पेटेंट, डिजाइन एंड ट्रेडमार्क, चेन्नई ने की घोषणा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 15 नवम्बर.पूरे भारत मे पन्ना का हीरा प्रसिद्ध है। जहां पन्ना मे हीरे जैसा बहुमूल्य रत्न का भंडार है। जो अभी तक पूरे देश मे ही जाना जाता था लेकिन जीआइ टैग मिलने से पूरे विश्व मे पन्ना का हीरा जाना जायेगा और देश दुनिया मे इसकी मार्केटिंग एवं प्रतिष्ठा बढेगी।**

कंट्रोलर जनरल आफ पेटेंट, डिजाइन एंड ट्रेडमार्क, चेन्नई ने पन्ना के हीरों को जीआइ टैग देने की आधिकारिक घोषणा जारी कर दी। इसी के साथ जीआइ टैग पाने वाला पन्ना का हीरा प्रदेश का 21 वां उत्पाद बन गया। भारत मे जीआइ टैग प्रणाली 2003 में लागू हुई थी। तब से अब तक यह मान्यता मिल चुकी है। जिनमें नवीनतम नाम पन्नाा डायमंड का दर्ज किया गया है। इस उपलब्धि से पन्ना के हीरों को दुनियाभर में मजबूत पहचान मिलेगी। यह प्रमाणित ब्रांड के रूप में उभरेगा। इसका सीधा लाभ प्रदेश को होगा। पन्ना की खदानों से तीन श्रेणी के हीरे निकलते हैं। जैम क्वालिटी सफेद हीरा, आफ कलर मैला रंग और इंडस्ट्रियल क्वालिटी कोका कोला रंग इनकी क्वालिटी और कीमत का निर्धारण हीरा कार्यालय के विशेषज्ञ पारखियों द्वारा चमक और संरचना के आधार पर किया जाता है।



पन्ना के हीरों की अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिष्ठा बढेगी, पन्ना के हीरों की पहचान विश्व स्तर पर मजबूत होगी, जिससे निर्यात और व्यापार मे वृद्धि की संभावना मिलेगा।

### जीआई टैग क्या है

जीआइ टैग किसी उत्पादन की भौगोलिक विशिष्टता का कानूनी प्रमाण है। यह प्रमाणित करता है कि उत्पाद एक खास क्षेत्र से ही प्राप्त होता है। और उसकी गुणवत्ता पारंपरिक पद्धति व विशेषताएं उसी क्षेत्र से जुडी होती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में जिला प्रशासन को केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय से संबद्ध ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी, वाराणसी ने तकनीकी सहयोग दिया। इनके माध्यम से आवेदन की तैयारियों से लेकर दस्तावेजीकरण तक पूरा समर्थन दिया गया। अवधि के तत्कालीन कलेक्टर ने 2023 में जीआई टैग के लिए आवेदन किया, जिसे 7 जून 2023 को मंजूरी मिली।

# ओबरा में पत्थर खदान दरकने से 15 मजदूरों के दबे होने की आशंका

## घटनास्थल पर पहुंचे जिला जिलाधिकारी एवं एसपी





नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 15 नवम्बर। सोनभद्र जिले के ओवरा बिल्ली के कृष्णा माइंस पत्थर खदान अचानक दरकने से धसक गई, जिसमें करीब डेढ़ दर्जन श्रमिको के दबे होने की आशंका की जा रही है।**

यह हादसा उस वक्त हुआ, जब श्रमिक कम्प्रेशर से पत्थर में होल कर रहे थे, इसके बाद पत्थर दरक गया। उक्त घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर एसडीएम ओवरा विवेक सिंह समेत अन्य अमला घटना स्थल पहुंच युद्ध स्तर पर रेस्क्यू शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा खदानों में कार्य बंद करने के निर्देश के बावजूद बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में स्थित कृष्णा माइनिंग स्टोन में कार्य के दौरान आज दिन शनिवार की शाम 3 बजे कार्य के दौरान खदान धसकने से लगभग 15 मजदूरों के दबने की आशंका जताई जा रही है। खदान में कार्य कर रहे एक मजदूर छोटू यादव पुत्र शोभनाथ निवासी कर्मसार ने बताया कि मेरे दो सगे भाई संतोष यादव एवं इंद्रजीत यादव पुत्र शोभनाथ निवासी कर्मसार थाना ओबरा के दबने की पुष्टि किया है। मजदूर ने बताया कि खदान में कार्य के दौरान कुल नौ कंप्रेशर लगे हुए थे। प्रत्येक कंप्रेशर पर दो आदमी के होने की बात कही जा रही है। मौके पर एसडीएम ओबरा विवेक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पांडेय, थाना प्रभारी विजय चौरसिया, चोपन थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### अधिकारियों की निगरानी में बचाव कार्य

अधिकारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारी चल रही है। जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक घटना स्थल के लिए रवाना हो गए है। एसडीएम के अनुसार रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ व एनडीआरएफ टीम को मिर्जापुर से बुलाया गया है। साथ ही यहां के अन्य औद्योगिक कपंनियों का सहयोग लेकर खदान के अंदर फंसे श्रमिको को निकालने की कार्रवाई की जा रही है। कितने लोग दबे हैं, ऐसी आशंका है। परंतु रेस्क्यू के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# रीवा- इंदौर के बीच नियमित उड़ान 22 दिसम्बर से

## विंध्यवासियों को बड़ी सौगात

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 नवम्बर, विंध्य वासियों को बड़ी सौगात मिली है, दिल्ली के लिए रीवा से उड़ान शुरू होने के बाद अब 22 दिसम्बर से इंडिगो विमान रीवा से इंदौर के बीच चलेगा.**

इंडिगो सेल्स से जुड़े उत्तम एसोसिएट के उत्तम अग्रवाल ने बताया कि अब विंध्य वासियों का इंतजार पूरा हो गया है. 22 दिसंबर से लाइट नंबर ई 7363 इंदौर से रीवा 11.30 बजे चलकर 1.15 बजे रीवा आएगी. इसी तरह लाइट नंबर 6 ई 7364 रीवा से इंदौर के लिए 1.35 बजे चलकर 3.25 बजे इंदौर पहुंचेगी. इस हवाई उड़ान के बाद अब विंध्य क्षेत्र से रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मैहर मऊगंज, पन्ना और आस पास इलाके के लोग कम समय में रीवा से इंदौर के बीच अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों से विंध्य वासियों को 72 सीटर एटीआर की सुविधा मिल रही है. इससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की कनेक्टिविटी की राह और आसान हो जाएगी. विंध्य का रीवा देश की राजधानी से पहले ही वायु सेवा से जुड़ चुका है, अब प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर को हवाई रूट से सफर हो सकेगा. गत 10 नवंबर को रीवा एयर पोर्ट से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की पहली वायुसेवा का शुभारंभ हुआ. इस ऐतिहासिक क्षण पर पहली बार रीवा से एटीआर 72 विमान 60 लोगों को लेकर उड़ा था. जिसमें क्रू मेंबर भी शामिल थे.






# भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़ाकर 4225 रुपए जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 15 नवम्बर. भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए शनिवार 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है।**

यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए और 14 नवंबर को 4184 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

# सायलेंसर से भड़की आग, ट्रैक्टर थ्रेशर में आग लगने से फसल खाक

▶ ददरी गांव में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 15 नवम्बर. धान की गहाई के दौरान ट्रैक्टर थ्रेशर में आग लगने से करीब 10 एकड़ में बोई गई धान की फसल जलकर खाक हो गई।**



यह हादसा जिले के जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपोखर के ददरी गांव में शनिवार सुबह हुआ। बताया गया है कि धान की गहाई के दौरान ट्रैक्टर के गर्म सायलेंसर से आग भड़कने से ट्रैक्टर, थ्रेशर समेत समूची धान की फसल जलकर खाक हो गई। यह घटना आज सुबह करीब 11 बजे उस दौरान हुई जब किसान शत्रुधन यादव अपने खेत में धान की कटाई के बाद गहाई करा रहे थे। गहाई के दौरान ट्रैक्टर का सायलेंस अत्यधिक गर्म हो गया जिससे आग लग गाई।

तेज हवा के कारण आग लगातार फैलती गई और कुछ पलों में थ्रेशर को भी अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित किसान का कहना था कि आग इतनी तेजी से फैली कि उसे बुझाने का मौका तक नहीं मिला। इस घटना में ट्रैक्टर और थ्रेशर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ।

### इनका कहना है

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण ट्रैक्टर का गर्म सायलेंसर और संभावित शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार कर तहसीलदार कार्यालय को भेज दिया है। ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**डीके रावत**
चौकी प्रभारी पोंडी

# केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने दी मंजूरी, सतना को मिलेंगी 20 ई बसें

## चार्जिंग प्वाइंट अधोसंरचना निर्माण के लिए केन्द्र दे रहा है 100 फीसदी राशि

नवभारत न्यूज

**सतना 15 नवम्बर. प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में डीजल ईंधन से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये सार्वजनिक परिवहन सेवा में इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।**

केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रदेश के 8 नगर निगमों में 972 पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी है। यह बसें शीघ्र संचालित हों, इसके लिये नगरीय निकायों द्वारा बस डिपो और चार्जिंग से जुड़े सभी अधोसंरचना कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। प्रदेश में बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिये संबंधित नगरीय निकायों को केन्द्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत राशि प्रदाय की जा रही है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में चार्जिंग पाइंट अधोसंरचना निर्माण के लिये केन्द्र सरकार द्वारा 100 प्रतिशत राशि प्रदाय की जा रही है।



### नगरीय निकायों में स्वीकृत पीएम ई-बसें

केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने जिन नगर निगमों में ई-बसों की मंजूरी दी है, इनमें भोपाल में 195, इंदौर में 270, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 200, उज्जैन में 100, सागर में 32, देवास में 55 और सतना में 20 ई-बसें शामिल हैं। नगरीय निकायों में ई-बस सेवा का संचालन जल्द शुरू हो, इसके लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने संबंधित निकायों को बस डिपो और चार्जिंग स्टेशन से जुड़े अधोसंरचना के सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

# एमपीयूडीसीएल की निदेशक ने किया परियोजनाओं का निरीक्षण

## स्वतंत्र निदेशक श्रीमती स्नेहलता ने मैहर में देखे कई कार्य

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 नवम्बर. मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की स्वतंत्र निदेशक श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने परियोजना क्रियान्वयन इकाई, रीवा के अंतर्गत मैहर नगर में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से संचालित सीवरेज परियोजना एवं जलावर्धन योजना के कार्यों का निरीक्षण किया।**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रत्येक घटक का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया तथा संविदाकार को जिला प्रशासन एवं नगर परिषद के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत श्रीमती श्रीवास्तव ने ओएचटी परिसर में वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक गोपाल गुप्ता, सहायक परियोजना प्रबंधक वनस्पति पाण्डेय, सामुदायिक विकास अधिकारी शैलेष तिवारी, आशीष दूर्गा एवं अमन पाण्डेय उपस्थित रहे।

### चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर 17 को व्यंकट क्रमांक एक में

**सतना 15 नवम्बर.** अपर परियोजना संचालक समग्र शिक्षा से.ए. भोपाल के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के औपचारिक पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर 17 नवम्बर को सतना जिला अंतर्गत संचालित विद्यालयों के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। सतना जिले में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन 17 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. व्यंकट क्रमांक एक सतना में किया जायेगा।

# बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर को किया गया सीज

नवभारत न्यूज

**सतना 15 नवम्बर. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में पराली जलाने की घटनाओ को नियंत्रण के लिए किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त अमले द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।**




निरीक्षण के दौरान बिरसिंहपुर कस्बे में एक कृषक के खेत में पंजाब के हार्वेस्टर संचालक कुलवेंदर सिंह के ऑपरेटर लवली सिंह द्वारा हार्वेस्टर के साथ बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर से खेत में धान की अंधाधुंध कटाई की जा रही थी। नरवाई प्रबंधन के लिए कोई अन्य मशीन बेलर स्लेसर इत्यादि का उपयोग नहीं किया जा रहा था। जिसके कारण संयुक्त अमले ने हार्वेस्टर को थाने में लाकर सीज कर दिया गया। जिले के अन्य हार्वेस्टर संचालक यदि स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम नहीं लगाते हैं या नियम का उल्लंघन करते हैं तो उनके विरूद्ध भी कार्यवाही जायेगी।

# यूनियन बैंक की साख पर बट्टा लगा रहे दलाल

## खाताधारक परेशान, नोंकझोंक एवं अभद्रता हुई आम बात, दलालों का दबदबा

नवभारत न्यूज

**सरई 15 नवम्बर ।जिले के सरई तहसील क्षेत्र अन्तर्गत निवास यूनियन बैंक शाखा नगरी निवास का मामला है, जँहा आये दिन बैंक कर्मचारियों व दलालों के चलते खाताधारको व सम्भ्रांत लोगो को नोकझोक व अभद्रता का सामना करना पड़ता है।**






बैक में कैशियर केबिन से लेकर मैनेजर केबिन तक दलालों का रहता है कब्जा, जिसके चलते आम जनमानस को अच्छा खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आऐ दिन खाताधारको से नोकझोक से लेकर मार-पिटाई होने तक कि नौबत आ जाती है। ऐसा ही मामला प्रकाश में आया प्रयितम सिंह पति गुलाब सिंह ग्राम कारीमाटी जिला सीधी, राम कली सिंह पति वंशलाल सिंह नया टोला ने बताया की सुबह से 10:30 बजे से ई-केवाईसी कराने के लिए लाइन में खड़ा हूं, 1:30 बज रहा है, मेरा अभी तक कोई काम नही हुआ और मेरे पीछे लोग आऐ और दलालों के माध्यम से अपना काम करा कर चले गए। वही लाईन में चार घंटे खड़े रहने से प्रयितम सिंह को चक्कर आ गया और बिहोस हो गई। उसके साथ में आऐ लोगो ने पानी का छींटा मारा तब जाकर बहुत देर बाद होश आया। यूनियन बैंक ऑफ इन्डिया शाखा निगरी निवास में खाताधारक चार-चार माह से एक छोटे से काम के लिए चक्कर लगाते हैं, किन्तु बैंक मैनेजर व आलाधिकारी सुनने को न करने को तैयार है।

सूत्रों की माने तो लोन पास करने में ज्यादा समय देते हैं और आसानी से पास भी नही होता है। वहीं एक बैंक कर्मी का तीन बार तबादला हो चुका है, परंतु यहां से उनका मोहभंग नही हुआ है। जहां तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही हैं। यहां के कई खाताधारको ने इस ओर क्षेत्रीय प्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# जंगल जमीन एवं संविधान को खत्म किया जा रहा है : सुरेन्द्र

## कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ ने बरगवां में मनाया बिरसा मुंडा जयंती

नवभारत न्यूज

**बरगवां 15 नवम्बर । कांग्रेस पार्टी के एससी प्रकोष्ठ ने बरगवां के मतदान क्रमांक 131 में बिरसा मुण्डा जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।**




इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र कुमार साकेत, जिलाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ एवं विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष मानिक चन्द्र प्रजापति के रूप में मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गौ बोधि वृद्वा संविधान बचाओं मोहल्ला समिति जिला कांग्रेस नेत्री रीता वर्मा ने की।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज देश में हाफ पैन्ट वालों की सरकार चल रही है, जो अंग्रेजों की नीति के आधार पर फुट डालो शासन करो एवं ईवीएम घोटाला कर सरकार बनाकर जंगल जमीन एवं संविधान को खत्म किया जा रहा है, जिस प्रकार अंग्रेजों का बहिष्कार हुआ था, ठीक उसी प्रकार उनका भी बहिष्कार जनता करेगी। मोहल्ला के रोजगार को खत्म किया गया, मोहल्ला की स्कूल को खत्म किया जा रहा है, सरकारी संस्थाओं को बेचा जा रहा है। अदाणी को 1 एकड़ में जमीन दी जा रही है, सिंगरौली वासियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। अदाणी की हवाई जहाज से दुर्घटना होने पर एक करोड़ दिया जा रहा है, लेकिन उसके डंपर से हुए मृत्यु वाले परिवार को केवल लाख रुपए ही दिया जा रहा है, जिस पर एससी विभाग बार-बार ज्ञापन देकर मृत्यु परिवार को एक करोड़ की राशि घायलों को 5 लाख की मांग की गई है, लेकिन यह अदाणी वाली सरकार बात सुनने को तैयार ही नहीं है। आए दिन गौ का दुर्घटना में मृत्यु हो रही है, जिस पर 5 करोड़ मांग की गई है, जो 5 करोड़ मिलेगा वह उसे क्षेत्र के गौ संवर्धन केंद्र को दिया जाए। मिष्ठान का वितरण भी कराया गया।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99